बामर लॉरी इनवेस्टमेंटस लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
Balmer Lawrie Investments Ltd.
(A Government of India Enterprise)

पंजीकृत कार्यालय :
21, नेताजी सुभाष रोड
कोलकाता – 700 001
फोन : (91) (033) 2222 5227

**Regd. Office :**
21, Netaji Subhas Road
Kolkata - 700 001
Phone : (91)(033) 2222 5227
CIN : L65999WB2001GOI093759

Ref: BLIL/SE/2023

Date: 23rd February, 2023

The Secretary,
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai- 400001

Scrip Code – **532485**

Dear Sir/Madam,

Subject: **Newspaper Advertisement- Public Notice of Postal Ballot through remote e-voting**

Further to our intimation dated 22nd February, 2023 and in terms of Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby enclose a copy of the Newspaper Advertisement published on Thursday, 23rd February, 2023 in the following Newspaper, post completion of despatch of the Notice of Postal Ballot to the Members of the Company:

- Business Standard (Hindi- Kolkata Edition)

The copy of the said newspaper advertisement is also available on the website of the Company at www.blinv.com.

Yours faithfully,
For **Balmer Lawrie Investments Limited**

ABHISHEK LAHOTI
Digitally signed by ABHISHEK LAHOTI
Date: 2023.02.23 18:30:39 +05'30'

**Abhishek Lahoti**
Company Secretary and Compliance Officer

Enclosed: as above

# बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड

## (भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालयः 21, एन. एस. रोड, कोलकाता-700 001
CIN: L65999WB2001GOI093759, दूरभाष सं. : 033 22225227.
ईमेलः lahoti.a@balmerlawrie.com, **वेबसाइटः** www.blinv.com

## रिमोट ई-वोटिंग के जरिए पोस्टल बैलट की सार्वजनिक सूचना

**बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (कंपनी)** के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 तथा धारा 108 ("अधिनियम") के साथ पठित कंपनी कंपनी ("प्रबंधन एवं प्रशासन") नियम, 2014 के नियम 22 एवं नियम 20 ("प्रबंधन नियम") के अनुसार तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्य लागू प्रावधानों एवं उसके अधीन तैयार अथवा जारी किए गए नियमों, परिपत्रों, अधिसूचनाओं (साथ में समय-समय पर लागू कोई भी संविधिक संशोधन अथवा पुनः अधिनियम), कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा साधारण परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 3/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 तथा 11/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 ("एमसीए परिपत्र"), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं तथा प्रकटन आवश्यकताओं) नियमावली, 2015 के विनियमन 17(1सी) तथा नियमावली 44 ("सूचीकरण नियमावली"), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी साधारण बैठकों पर सचिविक मानक ("एसएस-2") तथा अन्य कोई भी लागू कानून, यदि कोई है, के अनुसार कंपनी ने **कंपनी के गैर-कार्यपालक निदेशक (पदेन) की श्रेणी में एक निदेशक के रूप में श्री अधिप नाथ पालचौधरी (डीआईएनः 08695322) की नियुक्ति** के लिए साधारण प्रस्ताव द्वारा कंपनी के सदस्यों के अनुमोदन प्राप्त करने हेतु **अंतिम तारीख यानी शुक्रवार, 17 फरवरी, 2023 (अंतिम दिन)** को कंपनी के जिन सदस्यों के नाम सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरियों से प्राप्त लाभार्थी स्वत्वाधिकारियों की सूची में दर्ज है उन्हें इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा व्याख्यात्मक विवरण के साथ पोस्टल बैलट की सूचना दिनांकित मंगलवार, 14 फरवरी, 2023 प्रेषित करने का कार्य **मंगलवार, 21 फरवरी, 2023 (अंतिम दिन)** को पूरा कर लिया गया है। उक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.blinv.com,** सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट **www.evotingindia.com** तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध होगी। कोई भी व्यक्ति जो अंतिम तारीख को कंपनी के सदस्य नहीं है वे इस सूचना को सिर्फ जानकारी उद्देश्य के रूप में व्यवहार करें।

इसके अलावा, सदस्यों को एतद्द्वारा निम्नलिखित सूचना दी जाती है किः

क. सूचीकरण नियमावली की नियमावली 44(1) तथा अधिनियम की धारा 110 एवं 108 के साथ पठित प्रबंधन नियम के नियम 22 एवं नियम 20 तथा एमसीए परिपत्रों के अनुसार सदस्यों की सहमति तथा असहमति की सूचना सिर्फ रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के जरिए सम्पन्न होगी तथा इसके परिणाम स्वरूप, कंपनी ने वोट डालने के लिए कंपनी के उन सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है, जिनके नाम अंतिम तारीख को डिपॉजिटरी से यथा प्राप्त सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थियों की सूची में दर्ज हैं। जिन व्यक्तियों के नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा रखरखाव किए जाने वाले लाभार्थी स्वत्वाधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज में हैं, सिर्फ वे ही रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के पात्र होंगे।

ख. रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा **बुधवार, 22 फरवरी, 2023 (सुबह 09.00 बजे)** से शुरू होगी तथा **बृहस्पतिवार, 23 मार्च, 2023 (अपराह्न 05.00 बजे)** को समाप्त होगी, **उक्त तारीख एवं समय के उपरांत रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।** इसके अलावा, सीडीएसएल द्वारा बृहस्पतिवार, 23 मार्च, 2023 को अपराह्न 05.00 बजे के उपरांत वोटिंग के लिए रिमोट ई-वोटिंग प्रारूप निशक्त कर दिया जाएगा।

ग. रिमोट ई-वोटिंग के निष्पक्ष तथा पारदर्शी प्रारूप में संचालन सुनिश्चित करने के लिए श्री नवीन कोठारी, अभ्यासरत कंपनी सचिव, (सदस्यता नं. एफसीएस-5935, अभ्यास का प्रमाणपत्र नं. 3725) को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है।

घ. जिन शेयरधारकों के ई-मेल का पता कंपनी/डिपॉजिटरियों/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत नहीं है, वे नीचे उल्लेखित पद्धति के अनुसार ऊपर उल्लेखित प्रस्ताव पर रिमोट ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने तथा ई-मेल आईडी के पंजीकरण हेतु अनुरोध कर सकते हैं:

- भौतिक प्रारूप में शेयर धारण रहने की स्थिति में सदस्यों से कंपनी के पंजीयक तथा शेयर अंतरण एजेंट सीबी मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के पास पी-22 बोंडेल रोड, कोलकाता 700019 में स्थित कार्यालय में फॉर्म आईएसआर-1 एवं फॉर्म आईएसआर-2 की भलीभांति हस्ताक्षरित मूल हार्ड कॉपी के जरिए केवाईसी अद्यतन कराने का अनुरोध किया जाता है।
- डिमैट प्रारूप में शेयर धारण रहने की स्थिति में सदस्यों से डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट से सम्पर्क कर पंजीकरण कराने का अनुरोध किया जाता है।

ङ. अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत कोई भी व्यक्ति द्वारा रिमोट ई-वोटिंग के समापन से 2 कार्य दिवस के अंदर पोस्टल बैलट के परिणामों के साथ जांचकर्ता की रिपोर्ट बीएसई लिमिटेड को प्रदान की जाएगी, जहां कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं। पोस्टल बैलट के परिणामों के साथ जांचकर्ता की रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.blinv.com**, सीडीएसएल की वेबसाइट **www.evotingindia.com** तथा कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रदर्शित किया जाएगा।

च. रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के जरिए पोस्टल बैलट के संबंध में किसी भी तरह के प्रश्न/शिकायत रहने पर सदस्यों से श्री अभिषेक लाहोटी, कंपनी सचिव एवं कंपनी के अनुपालन अधिकारी से लिखित रूप में 21 नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 में अथवा दूरभाष सं. 033-2222-5227 पर अथवा ईमेल आईडीः **lahoti.a@balmerlawrie.com** पर सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

**कृते बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**अभिषेक लाहोटी**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
**सदस्यता सं.: ए25141**

**दिनांकः 22 फरवरी, 2023**
**स्थानः कोलकाता**